**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम- सोमवार के लिए निर्धारित श्री शाहनवाज खान, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-7 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तरालेख्य |
|---|---|
| 7-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत चिन्हित किये गये शहरों में अब तक कितने शहरों का कार्य पूर्ण हो चुका है? | आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जून, 2015 से प्रारम्भ स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत चार चरणों में उत्तर प्रदेश के 10 शहरों (आगरा, अलीगढ, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर व वाराणसी) का चयन स्मार्ट सिटी के रूप में किया गया, जिनमें किये गये कार्यो की प्रगति रिपोर्ट निम्नलिखित है:- |

(रू0 करोड़ में)

| क्र0 सं0 | शहर | अवमुक्त धनराशि (ए0एण्ड ओ0ई सहित) | परियोजना हेतु धनराशि | कुल स्वीकृत कार्य | पूर्ण कार्य | प्रगतिधीन कार्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | 980.00 | 930.50 | 76 | 51 | 25 |
| 2 | वाराणसी | 980.00 | 932.84 | 58 | 57 | 1 |
| 3 | आगरा | 980.00 | 930.00 | 38 | 37 | 1 |
| 4 | कानपुर | 980.00 | 930.90 | 72 | 68 | 4 |
| 5 | प्रयागराज | 980.00 | 930.01 | 119 | 100 | 19 |
| 6 | अलीगढ | 980.00 | 951.75 | 37 | 29 | 8 |
| 7 | झांसी | 980.00 | 928.08 | 66 | 59 | 7 |
| 8 | बरेली | 980.00 | 938.02 | 65 | 64 | 1 |
| 9 | सहारनपुर | 857.50 | 926.66 | 102 | 35 | 67 |
| 10 | मुरादाबाद | 869.75 | 929.97 | 37 | 27 | 10 |
| | **योग** | **9567.25** | **9328.73** | **670** | **527** | **143** |

उक्त के अतिरिक्त केन्द्र पुरोनिधानित स्मार्ट सिटी मिशन की तर्ज पर उ0प्र0 सरकार द्वारा सितम्बर, 2019 में राज्य के शेष 7 नगर निगमों (अयोध्या, फिरोजाबाद, गोरखपुर, गाजियाबाद, मथुरा-वृन्दावन, मेरठ व शाहजहाँपुर) को राज्य स्मार्ट सिटी के रूप में चयनित किया गया, जिनमें किये गये कार्यो की प्रगति रिपोर्ट निम्नलिखित है:-

(रू0 करोड़ में)

| क्र0 सं0 | शहर | स्वीकृत धनराशि | अवमुक्त धनराशि | कुल स्वीकृत कार्य | पूर्ण कार्य | प्रगतिधीन कार्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अयोध्या | 163.81 | 116.73 | 13 | 1 | 12 |
| 2 | फिरोजाबाद | 88.57 | 61.31 | 7 | 1 | 6 |
| 3 | गोरखपुर | 106.96 | 68.43 | 8 | 1 | 7 |
| 4 | गाजियाबाद | 145.71 | 72.63 | 10 | 3 | 7 |
| 5 | मथुरा-वृन्दावन | 136.52 | 94.94 | 11 | 1 | 10 |
| 6 | मेरठ | 104.65 | 57.02 | 7 | 1 | 6 |
| 7 | शाहजहाँपुर | 77.86 | 62.36 | 8 | 2 | 6 |
| | **योग** | **824.08** | **533.42** | **64** | **10** | **54** |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | क्या सहारनपुर स्मार्ट सिटी हेतु चिन्हित किया गया था, अब तक जो कार्य किये गये उसके लिये कोई मॉनिटरिंग कमेटी बनी हुयी है? | सहारनपुर नगर का चयन केन्द्र पुरोनिधानित स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत मार्च, 2018 में चौथे चरण में किया गया । सहारनपुर स्मार्ट सिटी लि0 एक एस0पी0वी0 (Special Purpose Vehicle) है, जिसके बोर्ड के अध्यक्ष मण्डलायुक्त, सहारनपुर मण्डल है। बोर्ड द्वारा स्मार्ट सिटी गाई के प्राविधानों के अनुसार नियमित रूप से कार्यों की मॉनीटरिंग व समीक्षा की जाती है। |
| (ग) | यदि हॉ, तो उसकी अन्तिम रिपोर्ट सदन की मेज पर रखेंगे ? | मण्डलायुक्त/अध्यक्ष, सहारनपुर स्मार्ट सिटी लि0 की अध्यक्षता में दिनांक-12.09.2023 को स्मार्ट सिटी , सहारनपुर में क्रियान्वित किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है, जिसका कार्यवृत्त संलग्न है। |
| (घ) | सहारनपुर स्मार्ट सिटी का कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? | सहारनपुर स्मार्ट सिटी के अधिकांश कार्य मिशन अवधि (जून 2024) तक पूर्ण होना सम्भावित है । |

**ए. के. शर्मा**
मंत्री
नगर विकास विभाग।

E-mail

**मण्डलायुक्त /अध्यक्ष, सहारनपुर स्मार्ट सिटी लि0 की अध्यक्षता में दिनांक 12.09.2023 को अपराह्न 04.30 बजे मण्डलायुक्त सभागार में आयोजित सहारनपुर स्मार्ट सिटी लि0 के अन्तर्गत परियोजनाओं की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

**उपस्थिति**– संलग्न है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा आज दिनांक 12.09.2023 को सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अन्तर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की गयी ।

**B.S.A./UPSIDCO, Saharanpur**

**UTT-SAH-157 Providing Furniture in Council Schools of City Area Saharanpur.**

बेसिक शिक्षा अधिकारी, डा0 विनीता द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त परियोजना की टेक्निकल बिड दिनांक 11.09.2023 को खोली गयी है। दिनांक 29.08.2023 को आयोजित बैठक में दिनांक 10.09.2023 तक Procurement की प्रकिया पूर्ण कर लिये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया था। टाइम लाइन को फोलो नहीं किया गया है। निर्देश दिये गये कि दिनांक 19.09.2023 तक प्रत्येक दशा में Procurement की प्रकिया पूर्ण की जाये।

**UTT-SAH-152 Development of Smart Classes.**

अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना में निविदाकर्ता द्वारा कतिपय पृच्छायें की गयी हैं, जिनके कारण टेक्निकल बिड खोला जाना सम्भव नहीं हो सका। नियमानुसार पृच्छा किये जाने की स्थिति में 72 घंटे के उपरान्त ही टेक्निकल बिड को खोला जा सकता है। निर्देश दिये गये कि यदि Restrictive Terms & Conditions नहीं हैं तो निविदाकर्ता द्वारा की गयी पृच्छा को अस्वीकार कर टेक्निकल बिड खोली जाये तथा Procurement की प्रकिया शीघ्र पूर्ण की जाये।

**UTT-SAH-156 Construction of 01 New School Building ay U.P. University Gandhi Park**

**UTT-SAH-080 Construction of 01 New School Building in Primary School, Munshiyan.**

अवगत कराया गया कि उपरोक्त दोनों परियोजनाओं में निर्माण टाइम लाईन के अनुसार प्रगति पर है। निर्देश दिये गये कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समय–समय पर परियोजनाओं को निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या उपलब्ध करायी जाये।

**U.P.R.N.N.,MEERUT**

**UTT-SAH-125 Construction of Old Age Home and Guest House in Noor Basti**

श्री सन्त राम सिंह, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना की टी0एस0 हो गयी है। स्थानीय पार्षद द्वारा कतिपय भूमि विवाद का होना बताया गया जिसके कारण निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं कराया जा सका। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण स्थल पर भूमि सम्बन्धी कोई विवाद नहीं है। अतः निर्माण कार्य तत्काल प्रारम्भ कराया जाये। यदि किसी पार्षद द्वारा कोई विरोध किया जाता है, तो उससे तत्काल अवगत कराया जाये।

**UTT-SAH-160 Construction of Smart Garage & workshop at Gandhi Maidan**

अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना की टी0एस0 हो गयी है। टेक्निकल बिड दिनांक 16.09. 2023 को खोली जायेगी तथा दिनांक 26.09.2023 तक निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। टी0एस0 उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**U.P.P.C.L.**

**UTT-SAH-098 Construction of Sr. Citizen Care Centre and Women Hostel Complex in Hakikat Nagar.**

सहायक परियोजना प्रबन्धक, श्री आकाश चौधरी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना की टी0एस0 हो गयी है तथा एल–1 भी प्राप्त हो गया है। परन्तु परियोजना प्रबन्धक की अनुपलब्धता के कारण सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को उपलब्ध नहीं करायी जा सकी है। निर्देश दिये गये कि कल दिनांक 13.09.2023 को टी0एस0 एवं एल–1 उपलब्ध कराया जाये तथा दिनांक 16.09.2023 को परियोजना का शिलान्यास कराकर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाये।

**U.P. P.W.D., SAHARANPUR**

सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की इंजिनियरिंग टीम द्वारा अवगत कराया गया कि कतिपय सडकों में ड्रेन का निर्माण प्रारम्भ नहीं कराया गया है तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है उनकी डिजाईन एवं ड्राइंग्स उपलब्ध नहीं कराये गये हैं, जिसके अभाव में निर्माण कार्यों की समुचित प्रकार से मॉनिटरिंग करने में कठिनाई आ रही है। डिजाइन, ड्राइंग्स एवं पर्ट चार्ट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**UTT-SAH-166 Renovation work of Internal Roads in Company Bagh, Saharanpur**

श्री धर्मेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना में निर्माण कार्य प्रगति पर है जो दिनांक 14.09.2023 तक पूर्ण हो जायेगा। डिजाइन, ड्राइंग्स एवं पर्ट चार्ट आज दिनांक 12.09.2023 को उपलब्ध करा दिया जायेगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मा0 मुख्यमंत्रीजी के आदेश हैं कि ठेकेदार के साथ एग्रीमेंट में इस आशय की क्लॉज रखी जाये कि यदि सडक पांच वर्ष से पूर्व टूटती है तो उसकी मरम्मत कराये जाने की जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार की होगी। निर्देश दिये गये कि तद्नुसार एग्रीमेंट में क्लॉज रखी जाये।

प्रायः रात्रि में खनन के जो ट्रक निकलते हैं वे टॉल टैक्स भुगतान से बचने के लिए शहर के बीच से निकलते हैं जिससे न केवल सडकें क्षतिग्रस्त होती हैं बल्कि राज्य सरकार को राजस्व की हानि भी होती है। अतः इसे रोकने हेतु सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से एक पत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर को प्रेषित किया जाये।

**UTT-SAH-167 Construction work from Ward No. 13 Janata Police Chauki to Mahipura**

अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना में डी0बी0एम0 का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा बी0सी0 का कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य दिनांक 14.09.2023 तक पूर्ण हो जायेगा।

**UTT-SAH-168 Construction of Ravidas Road by Hotmix**

अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना में डी0बी0एम0 एवं बी0सी0 का कार्य कराया जाना है। निर्माण कार्य दिनांक 14.09.2023 को प्रारम्भ होगा तथा दिनांक 18.09.2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

सडक निर्माण के सम्बन्ध में कतिपय शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें यह अवगत कराया गया कि सडकों का निर्माण बिना स्क्रेपिंग के कराया जा रहा है। निर्देश दिये गये कि अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया जाये कि कौन सी सडक का निर्माण किन मानकों के अनुसार कराया जा रहा है ताकि स्पष्टता रहे।

**UTT-SAH-169 Construction of Road from Rakesh Tent to Anjali Clinic Chauk via back of Bhagwati Colony.**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना की समीक्षा उनके द्वारा भी की गयी थी। उक्त परियोजना में जिस नाले का निर्माण कराया जा रहा है, उसका लेवल भगवती कालोनी के नाले के लेवल से कम है जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती है। भगवती कालोनी एवं आस पास की कालोनी के निवासियों की मांग है कि उनकी कालोनी के पानी की समुचित निकासी हो जिसके

लिए अण्डरग्राउण्ड स्ट्रोम वाटर लाइन का निर्माण कराया जाना आवश्यक होगा। निर्देश दिये गये कि इस सम्बन्ध में औचित्य सहित लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्ताव एवं विस्तृत आगणन प्रस्तुत किया जाये।

**UTT-SAH-170 <u>Construction of road by hot mix and CC Tiles at Side pathway in ward No. 17/54 Gadhi Maluk ki pulia to Behat Road via Geetanjali Chowk.</u>**

अवगत कराया गया कि आर0सी0सी0 नाले का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ड्राईंग्स, डिजाईन एवं पर्ट चार्ट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**UTT-SAH-171 <u>Construction of Road from Behat Road to Animal Birth Control via Geetanjali Chauk</u>**

अधिशासी अभियन्ता, सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना में डी0जी0एम0 (प्रोजेक्ट) सिविल द्वारा निरीक्षण किया गया था तथा निर्देश दिये गये थे कि नाले का निर्माण कार्य जहां पर पानी का निस्तारण अंतिम रूप से किया जाना है वहां से नाले का निर्माण प्रारम्भ कराया जाये। स्थानीय निवासियों द्वारा भी ऐसी ही मांग की गई थी, परन्तु ऐसा न करके बीच से नाले का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि सडक का निर्माण कार्य दिनांक 14.09.2023 को प्रारम्भ हो जायेगा। निर्देश दिये गये कि निर्माण कार्य अविलम्ब प्रारम्भ कराया जाये तथा ड्राईंग्स, डिजाईन एवं पर्ट चार्ट उपलब्ध कराये जायें। निर्माण कार्यो की मॉनिटरिंग समुचित प्रकार से की जाये।

**UTT-SAH-172 <u>Construction of Road, CC Tiles, Sewerage and Side Pathway from Bharat Mata Chauk</u>**

अवगत कराया गया कि सी0सी0 निर्माण कार्य प्रगति पर है। पहले 3.75 मीटर सी0सी0 थी तथा 1.5 मीटर में रोड के दोनों ओर इण्टरलॉकिंग टाइल्स से निर्माण कराया जाना था लेकिन अब एक साइड से टाइल्स हटा दी गयी हैं। यदि इण्टरलॉकिंग टाइल्स नहीं लगायी जाती है तो बाद में रिपेयर करने में कठिनाई होगी। अतः दोनो तरफ टाइल्स लगायी जाये। अवगत कराया गया कि एक साइड में 1.5 मीटर में टाइल्स तथा दूसरी साइड में 1 मीटर में टाइल्स लगायी जायेंगी। निर्देश दिये गये कि बिना सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की पूर्वानुमति के डिजाइन में कोई परिवर्तन न किया जाये।

**UTT-SAH-173 <u>Construction of Hot Mix Road in Ward No. 27, Behat Road to Chak Sarai Bharti Road Via Uttam Property Chowk.</u>**

अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना में नाले का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**UTT-SAH-174 <u>Construction of CC Road and Side Pathway on Habibgarh Road</u>.**

अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना में ड्राईंग्स, डिजाईन एवं पर्ट चार्ट उपलब्ध नहीं कराये गये हैं तथा निर्माण कार्य भी प्रारम्भ नहीं हुआ है। निर्देश दिये गये कि ड्राईंग्स, डिजाईन एवं पर्ट चार्ट उपलब्ध कराये जायें तथा निर्माण कार्य अविलम्ब प्रारम्भ कराया जाये।

**UTT-SAH-176 <u>Construction of Road and Sewerage in Manakmau in Ward No.31</u>**

**UTT-SAH-178 <u>Construction of Main Road and Sewerage in Ward No.4 in Mahadev Colony</u>.**

**UTT-SAH-180 <u>Construction of Plant CC Road on 100 foota Road on Durga Vihar Main Road</u>.**

**UTT-SAH-179 <u>Construction of Road in Ward No.18 Opposite to Labour Court</u>.**

अवगत कराया गया कि उक्त चारों परियोजनाओं में एल-1 प्राप्त हो गया है, जिसे आज दिनांक 12.09.2023 को उपलब्ध करा दिया जायेगा। ड्राईंग्स, डिजाईन एवं पर्ट चार्ट उपलब्ध कराये जाने तथा Tripartite Agreement कराकर निर्माण कार्य अविलम्ब प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**NAGAR NIGAM, SAHARANPUR**

**UTT-SAH-085 Development of E-Office, Nagar Nigam, Saharanpur.**

अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना हेतु एन0आई0सी0 से सम्पर्क किया है। एन0आई0सी0 की टीम शीघ्र ही सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में विजिट करेगी। यद्यपि परियोजना की लागत रू0 2.00 करोड रखी गयी है लेकिन इसकी लागत लगभग रू0 10.00 लाख आयेगी तथा परियोजना में बचत होगी। दिनांक 25.09.2023 तक परियोजना पूर्ण हो जायेगी।

**UTT-SAH-153 Water Fountain in Gandhi Park**

अवगत कराया गया कि इस परियोजना का टेण्डर प्रक्रिया में है।

**UTT-SAH-159 Construction of Plant CC Road under Smart City Project at Main Road of Pinjaura Village**

अवगत कराया गया कि उपरोक्त परियोजनाओं में एल–1 प्राप्त हो गया है। निर्माण कार्य दिनांक 15.09.2023 से प्रारम्भ होगा।

**UTT-SAH-154 Construction of Plant CC Road under Smart City Project at Main Road of Taharpur Village**

अवगत कराया गया कि उपरोक्त परियोजनाओं में एल–1 प्राप्त हो गया है। निर्माण कार्य दिनांक 15.09.2023 तक प्रारम्भ होगा।

**UTT-SAH-095 Construction of Road and Sewerage on Chilkana Road in Halalpur**

अवगत कराया गया कि उपरोक्त परियोजना में दिनांक 11.09.2023 को खोली गयी है, वित्तीय बिड दिनांक 14.09.2023 को खोली जायेगी तथा दिनांक 17.09.2023 से निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

**UTT-SAH-163 Construction of CC Sewerage Work on Chilkana Road from Lord Mahavir School**

अवगत कराया गया कि उपरोक्त परियोजनाओं में एल–1 प्राप्त हो गया है। निर्माण कार्य दिनांक 14.09.2023 से प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

**UTT-SAH-164 Construction of Plant CC Road on Main Road of Samrat Vikram Colony.**

अवगत कराया गया कि उपरोक्त परियोजनाओं में टेक्निकल बिड खोली जा चुकी है, जिसका Evaluation किया जा रहा है।

**UTT-SAH-165 Procurement of 15 Mtrs. Hydraulic Sky Lift Vehicle**

अवगत कराया गया कि उक्त परियोजनाओं में टेक्निकल बिड़ दिनांक 11.09.2023 को खोली जा चुकी है। दिनांक 18.09.2023 तक जैम पोर्टल के माध्यम से Procurement पूरा कर लिया जायेगा।

**P.V.V.N.L. (HYDEL)**

**UTT-SAH-061 Underground electrification of intersection at Aali Ki Chungi, Mandi Samiti , Chilkana Road, Khata Kheri, Gole Kothi, Jama Masjid Chowk, Pul Khumran in Saharanpur City.**

**UTT-SAH-076 Underground Electrification of GPO Road in Saharanpur.**

**UTT-SAH-064 Underground electrification f intersections at Bhagat Singh Chowk, Pul Khumran, Chowki Sarai, Shaheed Ashfaq Ullah Khan Chowk, KIshanpura, Kishanpuri Sri Ram Chowk, Arbi Madarsa Tiraha, Matagarh Nullah, Jain Bagh, 62 foota Road.**

**UTT-SAH-064 Underground cabling work on Mela Ghughal Area and Kargil Gate s/s Ambala Road in Saharanpur City.**

दिनांक 02.09.2023 को मेरठ से आयी टीम के सदस्य श्री पी0के0 सिंह द्वारा आश्वस्त किया गया था कि बी0ओ0क्यू0 के अनुसार परियोजना का समस्त निर्माण कार्य परियोजना लागत रू0 95.78 करोड़ में पूर्ण कर लिया जायेगा तथा इस आशय का एक पत्र भी उपलब्ध करा दिया जायेगा, जोकि अभी तक अप्राप्त है। वेरिएशन के औचित्य सहित पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम से विधिवत अनुमोदित प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे वह भी अभी तक अप्राप्त है। मूल रूप में स्वीकृत डी0पी0आर0

को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बिना सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एस0पी0वी0 बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की अनुमति के परिवर्तित किया गया है जोकि अनुचित है। टेण्डर में जो बी0ओ0क्यू फ्लोट किया गया था, उसी के अनुसार कार्य कराया जाना अपेक्षित है। कार्य प्रारम्भ होने के उपरान्त यदि कोई वेरिएशन आता है तो उसका अनुमोदन अलग से पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा प्राप्त किया जाना चाहिए था जोकि नहीं किया गया है। मूल बी0ओ0क्यू में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बी0ओ0क्यू0 के अनुसार कार्य पूर्ण करने में जानबूझ कर विलम्ब किया जा रहा है तथा सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को गुमराह भी किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक सेफ्टी विभाग से एन0ओ0सी0 प्राप्त करने का प्रकरण विगत लगभग दो माह से लम्बित है, जिसे प्राप्त करने के लिए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया है। इलेक्ट्रिक सेफ्टी विभाग से एन0ओ0सी0 प्राप्त किये जाने मे हुए विलम्ब के कारण न केवल पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्यो को पूर्ण करने में विलम्ब हुआ है बल्कि सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की सडक परियोजनाओं को प्रारम्भ करने में भी अत्याधिक एवं अनावश्यक विलम्ब हुआ है। यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निर्माण कार्यो को पूर्ण करने में हुई देरी के कारण यदि कोई वेरिएशन सडक निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था को देय होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेवारी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की होगी जो एल0डी0 के अतिरिक्त होगी। मुख्य अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कल दिनांक 13.09.2023 को मेरठ कार्यालय से उपरोक्तानुसार पत्र एवं इलेक्ट्रिक सेफ्टी विभाग से एन0ओ0सी0 प्राप्त कर प्रस्तुत कर दिया जायेगा। मूल रूप में स्वीकृत बी0ओ0क्यू0 के अनुसार निर्माण कार्यो को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। यदि कोई अनियमितता पायी जाती है तो उसके लिए केन्द्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार को जॉच हेतु पत्र प्रेषित किये जाने के भी निर्देश दिये गये।

**SAHARANPUR SMART CITY LIMITED**

**UTT-SAH-088- Development of Smart Road/Internal Road (Road, Water Supply, Swerage, Electrical) (Implementing Agency: M/s RCC Developers Ltd.)**

1. **रेलवे रोड** . अवगत कराया गया कि रेलवे रोड को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 5.7.2023 थी परन्तु मीडियन एवं कर्व स्टोन की पेन्टिंग तथा डस्ट बिन रखा जाना शेष है। श्री आशीष दुबे, परियोजना अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 15.09.2023 तक समस्त कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे।
2. **कोर्ट रोड–1** कोर्ट रोड–1 को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि दिनांक 05.07.2023 थी, वर्तमान में मीडियन की पेन्टिंग एवं टेबल टॉप निर्माण का कार्य प्रगति पर है। श्री आशीष दुबे, परियोजना अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 15.09.2023 तक समस्त कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे।
3. **गुरूद्वारा रोड** गुरूद्वारा रोड को बार चार्ट के अनुसार पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 30.07.2023 थी। फिनिशिंग का कार्य शेष बचा है। श्री आशीष दुबे, परियोजना प्रबन्धक (इले0) द्वारा अवगत कराया गया कि पंचलिस्ट बनाने के बाद दिनांक 20.09.2023 तक समस्त कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे।
4. **पॉवधोई रोड** बार चार्ट के अनुसार पॉवधोई रोड को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 30.06.2023 थी। फुटपाथ एवं इण्टरलॉकिंग का कार्य शेष बचा है। श्री आशीष दुबे, परियोजना प्रबन्धक (इले0) द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 20.09.2023 तक समस्त कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे।
5. **कल्पना सिनेमा रोड** कल्पना सिनेमा रोड को बार चार्ट के अनुसार दिनांक 15.07.2023 तक पूर्ण किया जाना था। फुटपाथ में रिपेयरिंग किये जाने की आवश्यकता है। अवगत कराया गया कि फुटपाथ पर वाहनों के पार्किंग करने के कारण फुटपाथ क्षतिग्रस्त हो जाता है। निर्देश दिये गये कि जो वाहन पार्किंग किये जायें उन पर आर्थिक दण्ड आरोपित किया जाये।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा प्रस्तावित किया गया कि नियमों के विरूद्ध पार्किंग की गयी वाहनों के लिए एक टोइंग व्हिकल ए0 एण्ड ई0 मद में उपलब्ध फण्ड से क्रय कर लिया जाये। औचित्य के आधार पर टोइंग व्हिकल क्रय किये जाने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

6. **मण्डी समिति रोड** हाइडल विभाग द्वारा दिनांक 10.08.2023 तक कार्य पूर्ण करने के उपरान्त उक्त सडक का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित था। परन्तु हाईडल विभाग द्वारा एन0ओ0सी0 उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण सडक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका। हाईडल विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 20.09.2023 तक विद्युत सम्बन्धी कार्य पूर्ण हो जायेगा।
7. **अम्बाला रोड** बार चार्ट के अनुसार दिनांक 30.06.2023 तक अम्बाला रोड का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना था। अवगत कराया गया कि हाइडल विभाग द्वारा कार्य पूर्ण न करने के कारण सडक निर्माण कार्य विलम्बित है। सी0एस0एस0 एवं आर0एम0यू0 की स्थापना में स्थानीय स्तर पर काफी विरोध किया जाता है। दर्पण सिनेमा तक सी0एस0एस0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। दिनांक 31.102023 तक अम्बाला रोड का समस्त कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। अम्बाला रोड पर सी0एस0एस0/आर0एम0यू0 की स्थापना के सम्बन्ध में हाइडल, आर0सी0सी0 डेवेलपर्स लिमिटेड तथा सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से सर्वेक्षण कराकर स्थान चिन्हांकित कराया जाये तथा सडक निर्माण का कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जाये। यह भी निर्देश दिये गये कि कोर्ट रोड–2 के लिए सी0एस0एस0/आर0एम0यू0 का क्रय आदेश शीघ्र किया जाए ताकि उनकी आपूर्ति में विलम्ब के कारण सडक निर्माण का कार्य बाधित न हो।
8. **लक्कडवाला रायवाला रोड** बार चार्ट के अनुसार उक्त रोड का निर्माण दिनांक 7.7.2023 तक पूर्ण किया जाना था लेकिन एल0एच0एस0 बी0सी0 लेयर के साथ साथ थर्मोप्लास्टिक्स सहित कतिपय कार्य शेष हैं। अवगत कराया गया कि रायवाला रोड का समस्त कार्य दिनांक 10.10.2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा प्रभावी मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये गये।
9. **चिलकाना रोड–1** हाइडल विभाग द्वारा दिनांक 10.08.2023 तक विद्युत सम्बन्धी कार्य पूर्ण किया जाना था उसके उपरान्त सडक निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जाना था। इलेक्ट्रिक सेफ्टी विभाग से एन0ओ0सी0 प्राप्त न होने के कारण हाईडल का कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है। हाइडल विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि इलेक्ट्रिक सेफ्टी से एन0ओ0सी0 दिनांक 13.09.2023 को प्राप्त हो जायेगा।
10. **चिलकाना रोड–2** हाइडल विभाग द्वारा दिनांक 10.08.2023 तक विद्युत सम्बन्धी कार्य पूर्ण किया जाना था उसके उपरान्त सडक निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जाना था। इलेक्ट्रिक सेफ्टी विभाग से एन0ओ0सी0 प्राप्त न होने के कारण हाईडल का कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है।
11. **बेहट रोड** अवगत कराया गया कि 330 मीटर मे डी0बी0एम0 तथा 400 मीटर में डी0एल0सी0 बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया है। पी0क्यू0सी0 का कार्य प्रगति पर है। दिनांक 25.10.2023 तक समस्त निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा।
12. **कोर्ट रोड–2** अवगत कराया गया कि आर0एच0एस0 600 मीटर में डी0बी0एम0 का कार्य हो गया है। शेष 400 मीटर में स्केरिफिकेशन का कार्य प्रगति पर है दिनांक 14.09.2023 तक डी0बी0एम0 का कार्य पूर्ण हो जायेगा। टाइमलाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।
13. **दिल्ली रोड** अवगत कराया गया कि कोर्ट रोड–2 पर कार्य पूर्ण करने के उपरान्त दिल्ली रोड के निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। टाइमलाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।
14. **एस0ए0एम इण्टर कालेज से सिविल हॉस्पिटल रोड** अवगत कराया गया कि उक्त सडक के निर्माण हेतु अनुमति दिनांक 11.07.2023 को प्रदान की गयी थी परन्तु अभी तक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। टाइमलाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।
15. समस्त लाइन डिपार्टमेंट्स/कार्यदायी संस्थाओं को सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किये गये भुगतान के सापेक्ष वास्तविक व्यय का विवरण उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे जो अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है। निर्देश दिये गये

कि सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किये गये भुगतान के सापेक्ष जो भी वास्तविक व्यय किया जाये उसका विवरण पाक्षिक रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैंक में परियोजना हेतु खाले गये बैंक खाते में जमा धनराशि पर अर्जित ब्याज को भी सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को Remit किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(ह्रषिकेश भास्कर यशोद)
आई.ए.एस
**मण्डलायुक्त/अध्यक्ष**
**सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड।**

**सं0** 1097 **/एस0एस0सी0एल0/स0पुर/2023–24** **दिनांकः** ~~.09.2023~~ 07/11/2023

**प्रतिलिपिः-**

1. मण्डलायुक्त/अध्यक्ष, सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के वैयक्तिक सहायक को मण्डलायुक्त/अध्यक्ष महोदय के सादर सूचनार्थ।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सहारनपुर ।
2. मुख्य अभियन्ता, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, सहारनपुर।
3. नोडल अधिकारी, सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, सहारनपुर।
4. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, सहारनपुर
6. अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड, सहारनपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 सिडको, सहारनपुर।
8. परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कोरपोरेशन लिमिटेड, सहारनपुर।
9. परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, मेरठ।
10. अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, सहारनपुर।
11. डी0जी0एम0 (प्रोजेक्ट्स) सिविल, सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड
12. प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, सहारनपुर।
13. वित्त एवं लेखाधिकारी, सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, सहारनपुर।
14. मै0 आर0सी0सी0 डेवेलपर्स लिमिटेड।

**मण्डलायुक्त/अध्यक्ष**
**सहारनपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड।**